
## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 07.05.2025 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सहारनपुर की अध्यक्षता में की गयी आहूत बैठक का कार्यवृत्त –

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 07.05.2025 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सहारनपुर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गयी जिसमें निम्नलिखित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. मो0 हाशिम, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
2. श्री योगेश कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
3. श्री रवि कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
4. श्री अनुज कुमार, सहायक अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, सहारनपुर।
5. श्री शैंकी देव, सहायक अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, सहारनपुर।
6. श्री दुष्यन्त कुमार, अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
7. श्री सौरभ कुमार गुप्ता, अवर अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
8. श्री अमित कुमार, अवर अभियन्ता, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, सहारनपुर।
9. श्री दीपक कुमार सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 आरवी एसोसिएटस् (TPI), सहारनपुर।
10. श्री सचिन कुमार, परियोजना प्रबन्धक, मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, सहारनपुर।
11. श्री ऋषभ गर्ग, परियोजना प्रबन्धक, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, सहारनपुर।
12. श्री शुभम लाम्बा, परियोजना प्रबन्धक, मै0 जी0ए0 बाबा इन्फ्रा (जे0वी0), सहारनपुर।
13. श्री आकिब खान, परियोजना प्रबन्धक, मै0 जी0ए0 बाबा इन्फ्रा (जे0वी0), सहारनपुर।

उक्त बैठक में अधिशासी अभियन्ता, द्वारा एजेन्सी वार जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा पूर्व में आहुत की गयी जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के समीक्षा बैठक एवं अनुपलब्ध/विवादित भूमि की जानकारी ली गयी।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रा0 लि0, मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0, मै0 बाबा जी0ए0 इन्फ्रा0 जे0वी।)**




**मै0 एन0के0जी0 प्राईमस जेवी (जे0वी0)।**

समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता महोदय द्वारा फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राईमस जेवी को आवंटित 328 नग पेयजल योजनाओं के 534 नग राजस्व ग्रामों में निर्माणाधीन कार्यो की प्रगति के विषय में निम्नवत: जानकारी दी गयी। समीक्षा बैठक के दौरान फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राईमस जेवी के परियोजना प्रबन्धक श्री प्रमोद कुमार (निर्माण) अनुपस्थित रहे जबकि परियोजना प्रबन्धक श्री रिषभ गर्ग (वित्त) उपस्थित रहें।

MS/D:\SRE Of. Wa./Le.23/DM.M.\1

Scanned with OKEN Scanner

- **भूमि विवाद :–** समीक्षा बैठक के दौरान फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राईमस जेवी के परियोजना प्रबन्धक श्री रिषभ गर्ग (वित्त) द्वारा अनुपलब्ध/विवादित भूमि की जानकारी दी गयी जिसमें 08 नग भूमि अनुपलब्ध तथा 26 नग भूमि विवादित है।
- **वितरण प्रणाली :–** अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मै0 एन0के0जी0 प्राईमस जेवी, का वर्तमान तक आवंटित लक्ष्य 328 नग योजनाओं के सापेक्ष 182 नग पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाये जाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं जनपद में अन्य समस्त निर्माण कार्य बन्द है।
- **गृह संयोजन :–** अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि 182 नग पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाये जाने का कार्य पूर्ण करने के उपरांत 154 नग पेयजल योजनाओं के ग्रामों में गृह संयोजन के कार्य पूर्ण कर लिये गये है एवं वर्तमान में जनपद में सभी ग्रामों में गृह संयोजन बन्द है।
- **सड़क पुर्नस्थापना :–** परियोजना प्रबन्धक श्री रिषभ गर्ग (वित्त) द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म को आवंटित 328 नग पेयजल योजनाओं 182 नग योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाये जाने के सापेक्ष 85 नग पेयजल योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना के कार्य पूर्ण कर लिये गये है तथा वर्तमान में जनपद में सभी पेयजल योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना के कार्य बन्द है।
- **अवर जलाशय :–** अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मै0 एन0के0जी0 प्राईमस जेवी, का वर्तमान तक आवंटित लक्ष्य 328 नग योजनाओं के सापेक्ष 07 नग पेयजल योजनाओं में अवर जलाशय के तक कार्य Top Dom तक पूर्ण किये जा चुके है। तथा वर्तमान में जनपद में सभी पेयजल योजनाओं में अवर जलाशय के निर्माण कार्य बन्द है।
- **पेयजल आपूर्ति :–** अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राईमस जेवी, द्वारा लक्ष्य 328 नग योजनाओं के सापेक्ष 154 नग पेयजल योजनाओं में गृह संयोजन का कार्य पूर्ण करते हुये 51 नग पेयजल योजनाओं में नियमित पेयजल आपूर्ति एवं 75 नग योजनाओं में अनियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राईमस जेवी को 08 नग भूमि अनुपलब्ध तथा 26 नग विवादित भू–स्थलों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारी महोदय से समन्वय स्थापित करते हुये भूमि उपलब्धता/विवाद मुक्त कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा फर्म द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यो की प्रगति अत्यन्त धीमी एवं कार्य बन्द होने के कारण असंतोष व्यक्त किया गया है। जिसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर को फर्म मै0 एन0के0जी0 प्राईमस जेवी के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुये एफ0आई0आर0 दर्ज कराने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/**
**मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0)**

<u>मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0)।</u>

- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) को जनपद के 391 राजस्व ग्रामों में 251 नग योजनाओं के निर्माण हेतु अनुबन्धित किया गया है। फर्म द्वारा योजनाओं के निर्माण कार्यो हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध गठन कराते हुये कवर अनुबन्ध गठन के उपरांत योजनाओं के निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिये गये है।
- **भूमि विवाद :–** समीक्षा बैठक के दौरान फर्म मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) के परियोजना प्रबन्धक श्री सुभम कुमार लाम्बा द्वारा अनुपलब्ध/विवादित भूमि की जानकारी दी गयी जिसमें 01 नग भूमि अनुपलब्ध तथा 10 नग भूमि विवादित है।
- **वितरण प्रणाली :–** अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0), का वर्तमान तक आवंटित लक्ष्य 251 नग योजनाओं के सापेक्ष 156 नग पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाये जाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं 47 नग पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाये जाने का कार्य प्रगति में है।
- **गृह संयोजन :–** अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि 156 नग पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाये जाने के उपरांत 125 नग पेयजल योजनाओं में फर्म द्वारा गृह संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं 71 नग पेयजल योजनाओं में गृह संयोजन का कार्य प्रगति पर है।



Scanned with OKEN Scanner

- **सड़क पुर्नस्थापना :–** परियोजना प्रबन्धक श्री सुभम कुमार लाम्बा द्वारा अवगत कराया गया कि 121 नग पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाये जाने के उपरांत 125 नग पेयजल योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण तथा 02 नग योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना का कार्य प्रगति में होना बतया गया।
- **अवर जलाशय :–** अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0), का वर्तमान तक आवंटित लक्ष्य 251 नग योजनाओं के सापेक्ष 86 नग पेयजल योजनाओं में अवर जलाशय का कार्य Top Dom तक पूर्ण किये जा चुके है एवं अन्य पेयजल योजनाओं पर अवर जलाशय के कार्यो की प्रगति मैनपावर की कमी के कारण धीमी है।
- **पेयजल आपूर्ति :–** अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0), द्वारा लक्ष्य 251 नग योजनाओं के सापेक्ष 125 नग पेयजल योजनाओं में गृह संयोजन का कार्य पूर्ण करते हुये 82 नग पेयजल योजनाओं में नियमित पेयजल आपूर्ति एवं 19 नग योजनाओं में अनियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा फर्म फर्म मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0) को 01 नग भूमि अनुपलब्ध तथा 10 नग विवादित भू–स्थलों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारी महोदय से समन्वय स्थापित करते हुये भूमि उपलब्धता/विवाद मुक्त कराने हेतु एवं नेनखेडी पेयजल योजना विकास खण्ड गंगोह में समुचित मैनपावर के साथ कार्य प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0), )**

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा फर्म द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यो की प्रगति अत्यन्त धीमी होने के कारण असंतोष व्यक्त किया गया है। तथा सम्बन्धित फर्म को जिन ग्रामों में वितरण प्रणाली एवं गृह संयोजन के कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिये गये हैं उनमें क्लोरीन युक्त पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करने के उपरांत सड़क पुर्नस्थापना के कार्य मैनपावर बढाते हुये प्राथमिकता पर शत–प्रतिशत पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0), )**

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा परियोजना प्रबन्धक श्री सुधीर कुमार को अन्य पेयजल योजनाओं के रूके हुये निर्माण कार्यो पर आगामी 10 दिवस में उचित मैनपावर लगाते हुये कार्यो को प्रारम्भ कराने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0), )**

<u>मै0 गायत्री रैमकी (जे0वी)</u>

- अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मै0 गायत्री रैमकी (जे0वी0), सहारनपुर की सबलेट एजेन्सी मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, का वर्तमान तक आवंटित लक्ष्य 127 नग योजनाओं के सापेक्ष 112 नग पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाये जाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं 06 नग पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाये जाने का कार्य प्रगति में है।
- **भूमि विवाद :–** समीक्षा बैठक के दौरान फर्म मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0के परियोजना प्रबन्धक श्री सचिन कुमार द्वारा अनुपलब्ध/विवादित भूमि की जानकारी दी गयी जिसमें 02 नग भूमि अनुपलब्ध तथा 07 नग भूमि विवादित है।
- **वितरण प्रणाली :–** अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 का वर्तमान तक आवंटित लक्ष्य 127 नग योजनाओं के सापेक्ष 112 नग पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाये जाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं 06 नग पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाये जाने का कार्य प्रगति में है।
- **गृह संयोजन :–** अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि 112 नग पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाये जाने के उपरांत 112 नग पेयजल योजनाओं में फर्म द्वारा गृह संयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं 06 नग पेयजल योजनाओं में गृह संयोजन का कार्य प्रगति पर है।



Scanned with OKEN Scanner

- **सड़क पुर्नस्थापना** :– परियोजना प्रबन्धक मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि 112 नग पेयजल योजनाओं में वितरण प्रणाली बिछाये जाने का कार्य पूर्ण करने उपरांत 82 नग पेयजल योजनाओं में सड़क पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा वर्तमान में किसी भी पेयजल योजना के ग्राम में सड़क पुर्नस्थापना के कार्य बन्द है।
- **अवर जलाशय** :– अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0, का वर्तमान तक आवंटित लक्ष्य 127 नग योजनाओं के सापेक्ष 27 नग पेयजल योजनाओं में अवर जलाशय का कार्य Top Dom तक पूर्ण किया जा चुका है।
- **पेयजल आपूर्ति** :– अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0), द्वारा लक्ष्य 127 नग योजनाओं के सापेक्ष 112 नग पेयजल योजनाओं में गृह संयोजन का कार्य पूर्ण करते हुये 60 नग पेयजल योजनाओं में नियमित पेयजल आपूर्ति एवं 23 नग योजनाओं में अनियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा फर्म फर्म मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 को 02 नग भूमि अनुपलब्ध तथा 07 नग विवादित भू–स्थलों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारी महोदय से समन्वय स्थापित करते हुये भूमि उपलब्धता/विवाद मुक्त कराने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/ मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 )**

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा फर्म द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यो की प्रगति अत्यन्त धीमी होने के कारण असंतोष व्यक्त किया गया है। तथा सम्बन्धित फर्म को जिन ग्रामों में वितरण प्रणाली एवं गृह संयोजन के कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिये गये हैं उनमें क्लोरीन युक्त पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करने के उपरांत सड़क पुर्नस्थापना के कार्य मैनपावर बढाते हुये प्राथमिकता पर शत–प्रतिशत पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर फर्म के प्रतिनिधि श्री सचिन कुमार द्वारा 01 सप्ताह में ऐसे ग्राम जिनमें वितरण प्रणाली गृह संयोजन का कार्य पूर्ण हो चुका है उनमे मैनपावर बढाकर नियमित पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करते हुये सडक पुर्नस्थापना के कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कराने हेतु एवं अवर जलाशय के निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने का आश्वासन दिया गया।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 )**

(सचिन कुमार)
मै0 वुडहिल इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0
सहारनपुर

(ऋषभ गर्ग)
मै0 एन0के0जी0 प्राइमस जे0वी0
सहारनपुर

(दीपक कुमार)
टीम लीडर, मै0 आरवी एसोसिएटस् (TPI),
सहारनपुर

(शुभम लाम्बा)
मै0 बाबा–जी0ए0 इन्फ्रा (जे0वी0)
सहारनपुर

(योगेश कुमार)
सहायक अभियन्ता,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
सहारनपुर

(मो0 हाशिम)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
सहारनपुर

(सुमित राजेश महाजन)
मुख्य विकास अधिकारी
सहारनपुर

MS/D:\SRE Of. Wo./Le.23/DM.M.\4

Scanned with OKEN Scanner